# एक देश एक चुनाव पर वाद-विवाद स्पर्धा- विपक्ष ने राजनैतिक जुमला तो पक्ष ने इसे समय की मांग बताया






**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** एक देश एक चुनाव मुद्दे पर हिन्दी प्रचारिणी समिति द्वारा आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में विपक्ष के वक्ता, पक्ष के वक्ताओं पर भारी पड़े, पक्ष के वक्ताओं ने जहाँ इसे उचित ठहराया वहीं विपक्ष ने इस प्रणाली का पुरजोर विरोध किया। वक्ताओं के बेवाक विचारों से जो मंथन सामने आया है, उसके अनुसार विपक्ष ने इस प्रणाली को संघीय ढाँचे पर प्रहार बताया तो वहीं पक्ष के वक्ताओं ने इसे समय की मांग करार दिया है।

पक्ष के वक्ताओं ने ई.वी.एम. मशीन और मतपत्र को लेकर अपने-अपने तर्क दिये। वक्ताओं के बीच यह मुद्दा छाया रहा। विपक्ष के वक्ताओं ने श्रोताओं और आम जनता के लिए भी कुछ विचारणीय सवाल खड़े किये। चुनावी खर्च और देश के कीमती समय तथा विकास के मुददो पर वक्ताओं ने अपने बेबाक विचार रखे। विपक्ष के वक्ताओं ने इस प्रणाली को आम नागरिकों के अधिकारों का हनन बताया। जबकि पक्ष इसे मजबूत लोकतंत्र की ओर कदम बता रहा है। चुनावी खर्च के मामले को पक्ष और विपक्ष के वक्ताओं ने नजर अंदाज किया। विपक्ष के एक वक्ता ने कहा कि एक देश एक चुनाव कि जरूरत देश को है ही नहीं देश, प्रदेश एवं क्षेत्रीय चुनावों में सरकारें सीटों के आधार पर नहीं बल्कि मतो के आधार पर बनना चाहिए। एक देश एक चुनाव देश को एकाधिकार की ओर ले जाने वाला यह विचार है।

नये उभरते हुए वक्ता अनुभवी वक्ताओं पर भारी पड़े। इन वक्ताओं ने विषय के विपक्ष में अपनी विचार व्यक्त करते हुए कहा कि एक देश एक चुनाव कि परिकल्पना महज एक चुनावी औपचारिकता बनकर रह जायेगी। क्षेत्रीय दलों का गला घोटने का यह विचार संघीय संतुलन को बिगाड़ देगा। एक देश एक चुनाव का विचार लाने से पहले संविधान में संशोधन की आवश्यकता होगी। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित महापौर विक्रम अहाके ने कहा कि देश में चल रहे है। इस गहन विषय पर चर्चा को हिन्दी प्रचारिणी समिति ने मंच देकर देश के प्रति अपनी सहभागिता दर्शाई है।

जिले के सबसे पुरानी इस संस्था ने नवोदितों को अपनी प्रतिभा उभारने का हमेशा से ही नेक कार्य किया है। उन्होंने पक्ष विपक्ष के वक्ताओं ने इस ज्वलंत विषय पर टिप्पणी को एक स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा बताया है। एक देश एक चुनाव विषय के पक्ष में प्रोफेसर विजय मण्डराह, डॉ. शेषराव यादव, रत्नेश जैन, पीयूष शर्मा, सुश्री तुलसी बक्शी ने एवं विपक्ष में प्रोफेसर चंद्रशेखर उसरेठे, श्रीमती हंसा दाढ़े, नितिन उपाध्याय, सुश्री अनन्या नामदेव, वासुदेव शर्मा ने अपने अपने विचार रखे। नवोदित प्रतिभा के रूप में रिषभ मलिक ने अपने विचार रखें। समिति के इस कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष शिव कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष प्रणय नामदेव, मंत्री श्यामसुंदर चांडक, कोषाध्यक्ष प्रकाश साव, शिक्षासचिव नवनीत व्यास, उपमंत्री प्रफुल बाकलीवाल, प्राचार्य नम्रता चंदेल सहित समिति एवं शाला शिक्षक-शिक्षिकाए एवं सदस्य सांस्कृतिक संचिव रणजीतसिंह परिहार उपस्थित रहे।




## कार्टूनिस्ट राजकुमार चौहान के कैरिकेचर्स की प्रदर्शनी आज

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आज 5 मई ए विश्व कार्टूनिस्ट दिवस पर सतपुड़ा आर्टिस्ट ग्रुप छिंदवाड़ा द्वारा कार्टूनिस्ट राजकुमार चौहान द्वारा बनाये गए कैरिकेचर्स की एक दिवसीय प्रदर्शनी आज हिंदी प्रचारिणी समिति के प्रांगण में आयोजित की जा रही है। इस कैरीकेचर प्रदर्शनी में छिंदवाड़ा के कलाए साहित्य और रंगमंच से जुड़ी हस्तियों के परिहास चित्र प्रदर्शित किए जाएंगे। यह प्रदर्शनी दर्शकों के लिए शाम 4 बजे से 7.30 बजे तक खुली रहेगी। इस आयोजन के लिए हिंदी प्रचारिणी समिति का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ है। सतपुड़ा आर्टिस्ट ग्रुप छिंदवाड़ा के अध्यक्ष तपन राय चौधरी एवं सचिव हेमंत झा का समस्त कलाप्रेमी जनता से आग्रह है कि इस प्रदर्शनी में आकर राजकुमार चौहान के कैरिकेचर्स का आनंद लें ।

### सार-समाचार

## ग्राम पंचायत हिवरा सेनाडवार में जन सहभागिता से होल्डर चेकडैम निर्माण का कार्य किया शुरू

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पांढुर्णा कलेक्टर अजय देव शर्मा के निर्देशानुसार म.प्र. जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन एवं विकासखंड समन्वयक दिलीप आठनेरे के कुशल मार्गदर्शन में म.प्र. जन अभियान परिषद पांढुर्णा के तत्वावधान में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विकासखण्ड पांढुर्णा की ग्राम पंचायत हिवरा सेनाडवार में होल्डर चेकडैम के निर्माण का कार्य प्रारंभ किया गया। जिसमें हिवरा सरपंच श्रीमती रंजना अहाके द्वारा भूमि पूजन कर कार्य की शुरुआत की गई।

मप्र जन अभियान परिषद का भी विशेष योगदान रहा इसमें सीएमसीएलडीपी के छात्रों व परामर्शताओं ने मिलकर युवाओं में जल संवर्धन की अलख जगाने के लिये संदेश दिया और प्रेरित किया। साथ ही जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। जल संरक्षण को लेकर चेक डैम भूजल पुर्नभरण और वर्षा जल संग्रहण के लिए एक महत्वपूर्ण तकनीक हैं, जो ग्रामीण क्षेत्रों में जल सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद करती है। इस अवसर पर परामर्शदाता श्रीमती कीर्ति घागरे, श्रीमती वर्षा खुरसंगे, सतीश सेंबेकर एवं सीएमसीएलडीपी के छात्र अखिलेश धोंडी, अंकित गावंडे, राजेश हाण्डे, हर्षिका धारपुरे, नीलम पराड़कर एवं अन्य छात्र व ग्रामीण उपस्थित थे।

## कलेक्टर के नेतृत्व में आंगनबाड़ी केंद्रों में नवाचार की पहल-25 केंद्र बने पाठशाला, 5 को मिला डिजिटल स्वरूप

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा जिले में आंगनबाड़ी केंद्रों को बाल सुलभ वातावरण प्रदान करने की दिशा में कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के नेतृत्व में अभिनव पहल की गई है। आंगनबाड़ी पाठशाला के पहले चरण में परासिया विकासखंड के 25 आंगनबाड़ी केंद्रों को शिक्षण आधारित स्वरूप में परिवर्तित किया गया है। इस कार्य में डब्ल्यूसीएल पेंच एरिया द्वारा सीएसआर फंड के माध्यम से सहयोग दिया गया है। परियोजना परासिया-02 के तहत खिरसाडोह सेक्टर के दीघावानी में 01 से 05 तक कुल 5 केंद्र, रावनवाड़ा पंचायत के 4 और हर्रई पंचायत के 4 केंद्रों में बच्चों के लिए कुर्सी-टेबल तथा 8 केंद्रों में कार्यकर्ताओं के लिए फर्नीचर प्रदान किया गया।

इसके अलावा कलेक्टर श्री सिंह के विशेष प्रयासों से बिरला ग्रुप कॉरपोरेशन के सहयोग से परासिया के 5 आंगनबाड़ी केंद्रों मोयारी, शीलादेही, थावरी दामोदर, थावरी ढाना और गाजनडोह को डिजिटल केंद्र के रूप में विकसित किया गया है। इन केंद्रों में एलईडी टीवी, होम थियेटर, अलमारी, 5 टेबल, 20 कुर्सियाँ और बाल सुलभ पेंटिंग की व्यवस्था की गई है। यह पहल न केवल बच्चों के पोषण के साथ शिक्षा पर बल देती है, बल्कि आंगनबाड़ी केंद्रों को आधुनिक और आकर्षक स्वरूप देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र छिन्दवाड़ा एवं लघु उद्योग निगम का एक दिवसीय प्रशिक्षण आज

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** उद्योग संचालनालय म.प्र. शासन से प्राप्त निर्देशानुसार विभाग द्वारा जारी नवीन नियमों-नीतियों, योजनाओं तथा भारत सरकार की रैम्प योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किए जाने के लिये जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र छिंदवाड़ा एवं लघु उद्योग निगम द्वारा 5 मई 2025 को एक दिवसीय प्रशिक्षण व जागरूकता कार्यशाला का आयोजन के.एम. होटल, सिवनी रोड जिला छिंदवाड़ा में दोपहर 12:00 बजे से किया गया है।

महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र छिंदवाड़ा ने बताया कि इच्छुक उद्यमी कार्यक्रम में उपस्थित होकर विभागीय नियम एवं नीतियों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिये कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र छिंदवाड़ा में संपर्क किया जा सकता है।

## प्रेस काम्पलेक्स हुआ जर्जर

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रेस काम्पलेक्स की दीवारे और बनी गैलरी की बाउण्ड्रीवाल जर्जर हो गई है आंधी तूफान के समय हिलती है और जब कभी वहां से डी जे बजता है तब पूरा हिलता हुआ नजर आता है। नगर पालिक निगम से अपेक्षा की गई है कि तकनीकी टीम के माध्यम से एक बार प्रेस काम्पलेक्स के प्रथम तल का निरीक्षण कराया जाए ताकि भविष्य में आंधी, तूफान, बारिश के दौरान कोई अप्रिय घटना होने से बचायी जा सके।

## आकृति मौर्य ने भरत नाट्यम में गोल्ड मैडल प्राप्त किया

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आकृति मौर्य ने राजा मानसिंग यूनिवर्सिटी ग्वालियर से भरत नाट्यम में मास्टर डिग्री में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। आकृति मौर्य डॉक्टर एम.के. मौर्य सहायक संचालक पशुपालन एवम् डॉक्टर अंजू मौर्य की सुपुत्री हैं, इस अवसर पर सभी मित्रजनों परिवारजनों ने आकृति को बधाई दी



## उप संचालक कृषि ने किया उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार आज जिले के विकासखंड चौरई क्षेत्र के विभिन्न उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला उपार्जन समिति के सभी सदस्य तथा एसडीएम चौरई प्रभात मिश्रा उपस्थित थे। अधिकारियों ने गेंहूँ उपार्जन केन्द्र रामगढ़, कुण्डा, गोपालपुर, कपूर्धा, मेघदोन, पचगाँव तथा चाँद का दौरा कर वहाँ की व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उप संचालक कृषि जितेंद्र कुमार सिंह, जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीमती गंगा कुमरे, डी.एम. नागरिक आपूर्ति निगम एम.के. त्रिपाठी, जी.एम.सी.सी.बी. ए.के. जैन, एस.डी.ओ. कृषि नीलकंठ पटवारी, जे.एस.ओ. रवि मुकासी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## बैडमिंटन प्रतिभा खोज का हुआ पुरस्कार वितरण के साथ समापन



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला बैडमिंटन संघ छिंदवाड़ा द्वारा जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतिभा खोज का आयोजन स्थानीय ओलंपिक बैडमिंटन स्टेडियम मे किया गया जिसमें जिले भर के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

उल्लेखनीय है कि बैटमिंटन प्रतिभा खोज चयन स्पर्धा के माध्यम से खिलाड़ियों के खेल स्तर में सुधार कर उनको आगामी राज्य व राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भेजा जाएगा। आयोजन समिति द्वारा विजेता ओर उपविजेता खिलाड़ी को पुरुस्कारों से सम्मानित किया गया। बालिका व बालक वर्ग के 90 खिलाड़ियों ने स्पर्धा में भाग लिया। खिलाड़ियों के उत्साह वर्धन हेतु स्पर्धा अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह बैस, अभिषेक पाटनी, रिजवान कुरैशी, अनिल जैन, श्रीमती मीताल जुनेजा, कुमारी रिद्धी नाहर, श्रीमती रुचि भांडुरिया, अज़हर खान, राकेश चौरसिया विशेष रूप से उपस्थित रहे।

आयोजन समिति के सचिव जावेद खान ने बताया कि आगामी दिनों में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे चयनित खिलाड़ी इस प्रकार है विहान, लक्ष्य, कनिष्क, हर्ष कीर, आरव, ध्रुव, हर्षित, अभय, ओम, भविष्य, दिव्यांश, विशेष, पांखुरी, एंजिल, जानवी, दक्षिता, काव्या, संचारिका, लक्ष्मी, निष्ठा, परी, विराट सोनी, सुजाता, आदिवा, जिया, अध्यन, मन्नत, अंकिता, अर्क, तरुण, मीठास, रुद्र व हरसुल छिंदवाड़ा जिले की टीम में चयनित किये गए हैं। निर्णायक एवं चयनकर्ता के रूप में जावेद खान, राकेश चौरसिया, अक्षय मक्कड़, कोमल शाह, अशवंत मार्को, भाविक धुर्वे, महिमा यादव उपस्थित रहे। जिला बैडमिंटन संघ द्वारा एक माह का खिलाड़ियों के लिए विशेष रूप से उनके खेल स्तर को सुधार करने हेतु निःशुल्क शिविर का आयोजन किया गया है। यह ओलंपिक के बैडमिंटन हाल में शाम 5 बजे से 7 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

## आदि गुरु शंकराचार्य की जयंती पर जनपद सभाकक्ष में व्याख्यान माला



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जनपद पंचायत छिंदवाड़ा के सभा कक्ष में आदि गुरु शंकराचार्य जी की जयंती के उपलक्ष्य में एक दिवसीय व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन जन अभियान परिषद, विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत जिला समन्वयक अखिलेश जैन द्वारा आदि गुरु शंकराचार्य जी के जीवन एवं उनके अद्भुत योगदान पर व्याख्यान से हुई। उन्होंने बताया कि शंकराचार्य जी ने मात्र 12 वर्ष की आयु में चारों दिशाओं में चार प्रमुख मठों की स्थापना कर भारतवर्ष को एकसूत्र में पिरोने का कार्य किया। उनका जीवन हिंदू धर्म और संस्कृति के प्रचार-प्रसार को समर्पित रहा। समाज सेवी विनोद तिवारी ने कहा कि शंकराचार्य जी ने उस काल में भारत को सांस्कृतिक रूप से एकजुट किया जब देश अनेक छोटे-छोटे राज्यों में विभाजित था। उन्होंने अद्वैत वेदांत की स्थापना कर ब्रह्म को ही सत्य और शेष को मिथ्या माना। अल्पायु में ही 32 वर्ष की आयु में उन्होंने केदारनाथ में समाधि ली।

कार्यक्रम में वक्ता श्री नीरज कुमार ने बताया कि शंकराचार्य जी का जन्म केरल के एक छोटे से ग्राम में हुआ था और मात्र तीन वर्ष की उम्र में उन्होंने वेदों का ज्ञान प्राप्त कर लिया था। उन्होंने बद्रीनाथ (सतयुग), रामेश्वरम (त्रेतायुग), द्वारका (द्वापर) और जगन्नाथ पुरी (कलियुग) जैसे प्रमुख तीर्थ स्थलों में मठों की स्थापना की। कार्यक्रम में एमएसडब्ल्यू सामाजिक कार्य के छात्र उपस्थित रहे और आदि शंकराचार्य को याद किया।

## विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर के पुत्र के विवाह समारोह में शामिल हुए सांसद बंटी साहू

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर के पुत्र प्रबल सिंह तोमर के विवाह समारोह का आयोजन ग्वालियर में किया गया जिसमें शामिल होने के लिए सांसद बंटी विवेक साहू ग्वालियर पहुंचे हुए थे। इस दौरान सांसद श्री साहू ने विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर सहित उनके पुत्र प्रबल सिंह तोमर को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सांसद श्री साहू की विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर के साथ काफी देर तक चर्चा भी की। विवाह समारोह के दौरान कार्यक्रम में पहुंचे अन्य विशिष्ट अतिथियों के साथ सांसद श्री साहू की मुलाकात एवं चर्चा हुई। इस दौरान सांसद श्री साहू के साथ भाजपा जिला महामंत्री टीकाराम चंद्रवंशी एवं जितेन्द्र राय प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



## भारतीय बौद्ध महासभा मनाएगी बुद्ध जयंती

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** विश्व को समता, शांति, स्वतंत्रता, बंधुता व न्याय का संदेश देकर आडंबर, अंधश्रध्दा से मुक्त वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर आधारित बुध्द धम्म की स्थापना करने वाले तथागत गौतम बुद्ध की जयंती 12 मई 25 को छिन्दवाड़ा स्थित डॉ. बाबासाहेब आम्बेडकर तिराहे पर उत्साह के साथ मनाई जायेगी।

भारतीय बौद्ध महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष एड. रमेश लोखंडे ने बताया कि जयंती स्थल पर सुबह 10:30 बजे महाकारुणिक तथगात गौतम बुद्ध एवं भारत में बुद्ध धम्म को पुनर्स्थापित करने वाले विश्व भूषण डॉ. बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमाओं को पुष्प माल्यार्पण किया जायेगा। मोमबत्ती दीप प्रज्वलित कर पंचशील धम्म ध्वजारोहण किया जाएगा। तत्पश्चात सामुहिक बुद्ध वंदना, त्रिशरण पंचशील ग्रहण की जाएगी। प्रमुख धम्म बंधुओं का तथगात गौतम बुद्ध की जीवनी पर सारगर्भित उदबोधन होगा।

## जीतिका ने विश्वकर्मा ने छत्तीसगढ़-मणिपुर की पूर्व राज्यपाल अनुसुईया उईके से बालिका सुधार गृह खुलवाने की मांग की



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भारत सरकार और मध्यप्रदेश सरकार में महिलाओं को 33 प्रतिशत भागीदारी हर क्षेत्र में दिए जाने का प्रावधान किया गया है और सरकार द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं महिलाओं के लिए संचालित की जा रही है महिलाओं के कल्याण हेतु विभिन्न आयोग का भी गठन किया गया है फिर भी मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा जिले को अछूता रखा गया है। विगत 12 वर्षों से महिलाओं के लिए कोयलांचल क्षेत्र में लगातार संघर्ष करते हुए कार्यरत संस्था अनुष्का एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी कार्य कर रही है शासन प्रशासन से कोई अनुदान नहीं लिया जा रहा है, महिला एवं बाल विकास विभाग और पुलिस विभाग के सहयोग से लगातार महिलाओं को हो रही परेशानियों और उत्पीड़न से निजात दिलाया जाकर कानूनी रूप से सक्षम किया जा रहा है। इसी कड़ी में शौर्य दल का गठन और कई पारिवारिक समझौता भी किया गया जिसे विभिन्न संस्थाओं ने और प्रशासनिक अधिकारीयों सहित जनप्रतिनिधियों ने सम्मानित किया है।

जिले के संवेदनशील कलेक्टर शीलेंद्र सिंह द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए व नवाचार कार्य में लगातार प्रयास किया जा रहे हैं और छिंदवाड़ा जिले की बेटी पूरे देश में अपना परचम फहराने वाली पूर्व राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की उपाध्यक्ष सहित राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य पूर्व राज्यसभा सांसद छत्तीसगढ़ मणिपुर की पूर्व राज्यपाल सुश्री अनसुईया उईके से अनुष्का एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्ष जीतिका विश्वकर्मा ने महिलाओं एवं बच्चियों को हो रही परेशानियों से अवगत कराते हुए उनके समक्ष रखकर निवेदन किया कि छिंदवाड़ा भौगोलिक क्षेत्र से बहुत बड़ा जिला है और छिंदवाड़ा का नाम पूरे देश में गूंजायमन है उसके बावजूद भी छिंदवाड़ा में बालिका सुधार गृह नहीं है बालिका सुधार गृह का संचालन व क्रियान्वयन शासन प्रशासन के सहयोग से अनुष्का एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी को अनुमति प्रदान करवाया जाता है तो जिन्हें बहुत सी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है उनको सुधार गृह में रखकर विभिन्न परेशानियों से बचाया जा सकता है और संबल प्रदान किया जा सकेगा जिसे गंभीरता से लेते हुए छत्तीसगढ़ मणिपुर की पूर्व राज्यपाल ने हर संभव मदद के लिए आश्वासन दिया है और शासन प्रशासन को भी महिलाओं के हित में निर्णय लेते हुए शीघ्र ही छिंदवाड़ा में बालिका सुधार गृह की अनुमति देना चाहिए।





## नीट परीक्षा-2025 11 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित, 4251 विद्यार्थी हुए शामिल

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित नीट (यूजी)-2025 परीक्षा 04 मई रविवार को छिन्दवाड़ा जिले के 11 परीक्षा केन्द्रों पर दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक शांतिपूर्ण संपन्न हुई। अद्यतन जानकारी के अनुसार इस परीक्षा के लिए जिले में कुल 4656 परीक्षार्थी दर्ज थेए जिनमें से 4521 परीक्षार्थी शामिल हुए और 135 अनुपस्थित रहे ।

उल्लेखनीय है कि परीक्षा के सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन के लिए जिला प्रशासन द्वारा समस्त संबंधित अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। इसमें कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, जिला शिक्षा विभाग के अधिकारी, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी शामिल थे, जिन्हें विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर निगरानी, समन्वय एवं आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु जिम्मेदारी सौंपी गई थी। साथ ही प्रत्येक परीक्षा केन्द्र की मॉनिटरिंग के लिए नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए थे। इसके अलावा परीक्षा केन्द्रों को निर्देशित किया गया था कि गर्मी को देखते हुए पीने के पानी की उचित व्यवस्था की जावे और विद्यार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसका ध्यान रखा जावे।

### सार-समाचार

## नई राह की ओर बढ़ती किसान संजू माटे की सफलता की कहानी



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** यह कहानी छिंदवाड़ा जिले के मोहखेड़ विकासखंड के एक प्रगतिशील कृषक संजू माटे की उल्लेखनीय यात्रा का वर्णन करती है। उन्होंने जलवायु-अनुकूल कृषि तकनीकों को अपनाकर न केवल अपनी खेती को रूपांतरित किया बल्कि अपनी मिट्टी के स्वास्थ्य को भी पुनर्जीवित किया। उनकी सफलता अन्य किसानों के लिए आशा की किरण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों की शक्ति का प्रमाण है।

**पूर्व की स्थिति**- कृषक संजू माटे ने अपने अतीत के कृषि अनुभवों को साझा करते हुए बताया पहले तो किसानी बस एक बोझ सी लगती थी। पुरानी फसल जलाओ, खेत जोतो, बीज डालो और फिर कुदरत के भरोसे बैठे रहो। लागत बढ़ती जाती थी और मुनाफा दिखता नहीं था। मिट्टी भी बेजान होती जा रही थी, और पानी की किल्लत अलग। लगता था जैसे कुछ बदलने वाला नहीं। उनकी निराशा उस पारंपरिक कृषि पद्धति को दर्शाती थी जिसमें अनिश्चितता और घटते प्रतिफल किसानों के लिए एक आम चुनौती थी।

**नई तकनीक की ओर कदम**- उनकी कृषि यात्रा में एक महत्वपूर्ण मोड़ तब आया जब उनका संपर्क बोरलॉग इंस्टिट्यूट फॉर साउथ एशिया (बीआईएसए), जबलपुर के वैज्ञानिकों और कृषि विभाग छिंदवाड़ा के अधिकारियों से हुआ। कृषक श्री माटे बताते हैं कि एक दिन उनकी मुलाकात बोरलॉग इंस्टिट्यूट फॉर साउथ एशिया (बीआईएसए), जबलपुर के वैज्ञानिकों और कृषि विभाग छिंदवाड़ा के अधिकारियों से हुई, जिन्होंने उन्हें जलवायु-अनुकूल कृषि (क्लाइमेट रेजिलिएंट) कार्यक्रम से जोड़ा। उन्होंने नई तकनीकों के बारे में बताया, नई किस्मों के बारे में समझाया। पहले तो थोड़ा डर लगा कि ये सब नया कैसे कर पाऊंगा, पर उन्होंने हौसला दिया। वैज्ञानिकों और कृषि विशेषज्ञों के मार्गदर्शन ने उन्हें आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाने का विश्वास दिया। उन्होंने विशेष रूप से डी.बी.डब्ल्यू- 187 गेहूँ की किस्म को अपनाया और फिर जीरो टिलेज (शून्य जुताई) की क्रांतिकारी तकनीक को आजमाया। कृषक श्री माटे ने स्वीकार किया कि पहले उन्हें बिना खेत जोते सीधी बुवाई सुनकर अजीब लगा था, पर करके देखा तो कमाल हो गया।

**नई तकनीक से मेहनत का मिला मीठा फल**- नई तकनीकों को अपनाने का परिणाम श्री माटे के लिए आश्चर्यजनक रहा। वे उत्साहपूर्वक बताते हैं कि छिड़काव वाली खेती में जहाँ 18 क्विंटल प्रति एकड़ पैदावार होती थी, वहीं जीरो टिलेज से 23 क्विंटल निकली जो पहले की तुलना में 5 क्विंटल प्रति एकड़ अधिक है। साथ ही 2000-2500 रुपए प्रति एकड़ लागत भी कम लगी, समय भी बचा और सबसे बड़ी बात उनकी मिट्टी फिर से सांस लेने लगी। उपज में उल्लेखनीय वृद्धि के साथ-साथ लागत में कमी और समय की बचत ने उनकी आर्थिक स्थिति को काफी हद तक सुधार किया है। इसके अतिरिक्त पराली जलाने की प्रथा समाप्त होने से मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार हुआ है, क्योंकि अब वह खेत में ही खाद के रूप में उपयोग की जाने लगी है।

आज कृषक श्री माटे की सफल खेती अन्य किसानों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है। वे गर्व से कहते हैं आज मेरी खेती देखकर दूसरे किसान भी पूछते हैं। मुझे खुशी होती है जब मैं उन्हें अपने अनुभव बताता हूँ, उन्हें दिखाता हूँ कि कैसे वैज्ञानिक तरीके अपनाकर हम अपनी किस्मत बदल सकते हैं। उनका अनुभव न केवल व्यक्तिगत सफलता की कहानी है बल्कि ज्ञान और सही मार्गदर्शन के माध्यम से ग्रामीण समुदायों के उत्थान की संभावना को भी दर्शाता है। श्री माटे का विजन स्पष्ट है- मेरा सपना है कि मेरा गाँव, मेरा पूरा समुदाय तरक्की करे। मेहनत और सही राह दिखाने वाला मिल जाए तो हर किसान आगे बढ़ सकता है। उनकी कहानी इस विश्वास को पुष्ट करती है कि दृढ़ संकल्प नवीन तकनीकों को अपनाने की इच्छा और उचित मार्गदर्शन से किसान न केवल अपनी आजीविका में सुधार कर सकते हैं बल्कि मृदा और पर्यावरण की रक्षा में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

## नगर परिषद न्यूटन चिखली के नेतृत्व में जनप्रतिनिधि और गायत्री परिवार की टीम ने किया पेंच नदी में श्रमदान

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जल गंगा संर्वधन अभियान के अंतर्गत रविवार प्रात: 6 बजे से पेंच नदी में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान में नगर परिषद न्यूटन चिखली द्वारा नेतृत्व करते हुए जनप्रतिनिधियों एवं गायत्री परिवार की टीम ने मिलकर श्रमदान किया। ट्रैक्टर की मदद से नदी से गाद निकाली गई, वहीं खरपतवार हटाकर तटवर्ती क्षेत्र को स्वच्छ बनाया गया। अभियान का उद्देश्य नदियों के संरक्षण, स्वच्छता और जनजागरूकता को बढ़ावा देना रहा। स्थानीय लोगों की सक्रिय भागीदारी से यह पहल एक सफल पर्यावरणीय संदेश बनकर सामने आई।



## भाजपा चौरई ग्रामीण मंडल की कार्यकारिणी घोषित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भाजपा प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव, सांसद बंटी विवेक साहू, विधानसभा प्रभारी, पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ नेतृत्व की सहमति से भाजपा चौरई ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विजेन्द्र ठाकुर द्वारा भाजपा चौरई ग्रामीण मंडल समिति घोषित की गई। भाजपा चौरई ग्रामीण मंडल की घोषित कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष हरिओम पटेल, अनिल सनोडिया, रोहिणी जंघेला, श्रीमती सीमा राजेश मालवीय, चन्द्रभूषण रघुवंशी, रामनरेश रघुवंशी, महामंत्री अनिल उइके, जितेन्द्र सिंह पटेल, मंत्री श्रीमती बबिता राधे बट्टी, अरूण शर्मा, पतिराम वर्मा, श्रीमति रामशीला संतोष वर्मा, मंगल मूर्ति सनोडिया, श्रीमती रेणु गौतम रघुवंशी, कोषाध्यक्ष श्रीमति रश्मि श्रीपाल रघुवंशी, कार्यालय मंत्री जितेन्द्र रघुवंशी, मीडिया प्रभारी अनिकेत ठाकुर, आईटी प्रभारी बंटी ठाकुर, सोशल मीडिया प्रभारी प्रवीन रघुवंशी, मन की बात प्रमुख गिरिजानन्द सनोडिया, व्हाट्सप ग्रुप प्रमुख पवन साहू आदि।

## कार में छिपाकर ले जाई जा रही 88 हजार रुपए कीमत की नौ पेटी अवैध शराब जब्त






**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले के चौरई में पुलिस ने एक बड़ी कार्यवाही करते हुए कपूर्दा के पास एक मीडिया वाहन को जांच के दौरान अवैध शराब के जखीरा मिलने के कारण जप्त कर लिया है और कार्यवाही भी प्रारंभ कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चौरई पुलिस ने 4 मई 2025, दिन रविवार को दोपहर लगभग 2 बजे एक कार से अवैध शराब जब्त की है। सूचना मिलने पर घेराबंदी कर कार की तालाशी की गई जिसमें 9 पेटी अंग्रेजी शराब मिली। पकड़ी गई शराब अन्य जिले क्षेत्र की दुकान से चौरई की ओर लाई जा रही थी। जिसकी सूचना पहले चौरई पुलिस को मिली लेकिन जब तक पुलिस उस कार को पकड़ती वह मौके से तेज रफ्तार में निकल चुकी थी। चौरई थाना प्रभारी गणपत उइके के निर्देशन में सूचना मिलते ही अपने स्टाफ के साथ मुख्य सड़क सिवनी मूंगवानी रोड कपूरदा ग्राम के पास पुलिस बल लगाकर कार को रोका और उसकी तलाशी ली तो उसमें अवैध शराब भरी हुई थी।

चौरई थाना अंतर्गत कपूरदा चौकी प्रभारी सावित्री बघेल ने बताया कि मारुती कंपनी की कार स्विप्ट डिजायर क्रमाक एच.आर.-06 वाय-5545-में अवैध शराब ले जाने की सूचना मिली थी, जिसे जब्त किया गया है। अवैध शराब भी जब्त की गई है। चालक सहित तीन लोगो को आरोपी बनाया गया है। क्षेत्र में यह आरोपी काफी लंबे समय से अवैध शराब का कारोबार कर रहा था आरोपी की गिरफ्तारी से और पूछताछ करने पर शराब दुकान के सेल्समैन और ठेकेदार का नाम सामने आने पर उन्हें भी प्रकरण में आरोपी बनाया जाएगा।

पुलिस ने डिक्की में रखी 9 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब परिवहन करते मिलने पर कुल 80 लीटर अवैध शराब कीमत करीब 88000/- रुपये की एवं स्विफ्ट कार कीमत करीब 4,00,000/- कुल जुमला राशि 4,88000 रुपये की आरोपी विकास राजपूत निवासी चौरई के कब्जे से विधिवत जप्त कर कार में बैठे 2 फरार आरोपियों योगेश जैन पिता देवेंद्र जैन एवं मनीष डेहरिया के विरुद्ध धारा 34(2), 42 आबकारी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया गया। वहीं पुलिस द्वारा अन्य साथियों की तलाश जारी है।

गौरतलब हो कि आरोपियों की कार से तीनो आरोपियों योगेश जैन, मनीष डेहरिया, विकास राजपूत के प्रेस कार्ड एवं माइक आई डी पुलिस ने बरामद की है। वहीं कार मे आदर्श न्यूज जिला ब्यूरो चीफ लिखा हुआ है।

### महत्वपूर्ण भूमिका

पुलिस टीम में निरीक्षक गणपत उइके, एस.आई. सावित्री बघेल, एस.आई. शरद मालवी, सोहेल खान, प्र. आरक्षक सचिन श्रीवात्री, आरक्षक क्रमश: जीतेन्द्र बघेल, विकास बघेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## 48 लाख से अधिक के मशरुका के साथ छह चोर गिरफ्तार

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** बीते कई दिनों से चोरी की शिकायतें सामने आने के बाद पुलिस ने आरोपितों को पकड़ने में कामयाबी हासिल की है। कोतवाली पुलिस ने कुख्यात चोर गिरोह से 48 लाख से अधिक के मशरूका बरामद कर 6 आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपित अंकित उर्फ भूत पिता राजू डहेरिया 19 वर्ष, निवासी चांदामेटा, आदित्य उर्फ चीनू ठाकुर पिता राजू सिंह ठाकुर 18 वर्ष, निवासी वार्ड नं.- 01 परासिया, आकाश पिता अरविंद कहार 22 वर्ष निवासी रिंग टाकीज, वार्ड नं.- 2 परासिया, शुभम उर्फ आर्यमन पिता शिवकुमार डहेरिया 24 वर्ष निवासी वार्ड नं.- 4 न्यूटन चिखली परासिया, ताहिर पिता रशीद खान 25 वर्ष निवासी वार्ड नं.- 1 ई.डी.सी. परासिया और अजय पिता योगेंद्र सोनी 30 वर्ष निवासी न्यूटन थाना परासिया को गिरफ्तार किया है।

एस.पी. अजय पांडे ने बताया कि पृथक-पृथक थानों में हो रही चोरी की घटना के संबंध में जिले के समस्त थाना, चौकी प्रभारियों को अपराधी की धरपकड एवं नाकाबंदी कर तलाश करने हेतु निर्देशित किया गया। इसी तारतम्य में कोतवाली पुलिस द्वारा बड़ी कार्यवाही करते हुये कुख्यात चोर गिरोह को पकड़कर उसके पास से जिले के अलग-अलग थानों मे हुई चोरी की वारदातों में चोरी गई संपत्ति 48 लाख से अधिक की कीमत के मशरूका बरामद किया गया है।



आरोपित अंकित उर्फ भूत के द्वारा दिन के समय रेकी की जाती थी, अपने साथी आदित्य के साथ ताला लगे सूने मकान को चिन्हित कर ताला तोड़ कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया जाता था।

प्रार्थी निलू पिता स्व. चंद्रभान समनकर निवासी गली नंबर 5 गुलाबरा ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह एक दिन पहले परिवार के दिन में इतवारी बाजार दुकान गई थी। 2 घण्टे बाद घर वापस आकर देखी तो घर के पीछे का दरवाजा खुला था एवं घर के अंदर रखी आलमारी का ताला टूटा था आलमारी मे रखे लाखो रुपये के सोना, चांदी के जेवर, नगदी किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर ले गये है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। जिसके बाद पुलिस का जांच दल गठित किया गया। पुलिस टीम के द्वारा लगातार घटना स्थल के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाला गया एवं मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर आरोपित की तलाश पतासाजी की गई। पतासाजी दौरान विशेष टीम को इस बात का पता करने मे सफलता मिली की अज्ञात चोर गिरोह छिंदवाड़ा जिले एवं आसपास के जिले मे खासकर दिन मे चोरी करने के लिये सक्रिय है और गिरोह के मुख्य सदस्य चांदामेटा निवासी अंकित उर्फ भूत है जो कि चोरी करने मे माहिर है एवं काफी शातिर और तेज दिमाग का है।

पुलिस टीम ने पतासाजी दौरान जानकारी जुटाई कि अंकित उर्फ भूत अपने साथियो के साथ मुंबई एवं गोवा तरफ घूम रहा है जो तकनीकी सहायता से ट्रेस कर अंकित उर्फ भूत एवं उसके अन्य दो साथियो को गोवा के एक बीच से पकड़ लिया गया जो संदेही अंकित उर्फ भूत बारीकी से पूछताछ की गई। पहले तो आरोपित के द्वारा पुलिस को गुमराह करते रहा कडाई से पूछताछ करने पर आरोपी के द्वारा एक संगठित गिरोह बनाकर प्लान के तहत अपने साथी आदित्य ठाकुर के साथ छिन्दवाडा जिला के कोतवाली थाना क्षेत्र के गुलाबरा में, हर्रई में दो जगह, अमरवाड़ा में दो जगह, चौरई में दो जगह, उमरेठ में एक जगह एवं सिवनी जिला मे केवलारी, कान्हीवाड़ा क्षेत्रो मे दिन के समय चोरी करना स्वीकार किया। पता चला है कि इसी क्रम में पुलिस शहर के गुण्डों के खिलाफ भी अभियान चला रही है और गुलाबरा क्षेत्र के गुण्डों पर सक्त नजरें है।